प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में भारत ने लगाई छलांग : पूरी दुनिया को किया प्रभावित।
2. सोनभद्र खनन हादसे में बचाव और राहत टीमों ने अब तक पांच लोगों के शव किए बरामद : प्रदेश के राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल ने घटनास्थल पहुंचकर लिया स्थिति का जायज़ा।
3. रामपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां और उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम को धोखाधडो के मामले में सुनाई 7–7 साल की सजा : फर्ज़ी जन्म प्रमाण पत्रों से दो पैनकार्ड बनवाने के आरोप में भेजा गया जेल।

और

4. अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियां ज़ोरों पर : मुख्यमंत्री कल अयोध्या पहुंचकर करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा ने दुनिया भर के देशों को हमारा अनुसरण करने को मजबूर कर दिया है। आज लखनऊ में एक निजी शिक्षण संस्थान के दीक्षांत समारोह

को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में छलांग लगाई है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, खेलो इंडिया समेत कई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि युवा की आकांक्षाओं को पंख लगाने की दृष्टि से प्रधानमंत्री ने स्केल को स्किल में बदलने का काम किया। है। बाइट.....

*भारत की जो यह विकास यात्रा पिछले 11 वर्षों में देश के अंदर देखने को मिल रही है। इस विकास यात्रा को जिसका आज दुनिया भी उसके पीछे चलने के लिए अपने आप को मजबूर करती है कि हां, हमें इसको अंगीकार करना ही होगा और हर भारतवासी भी जिस पर गौरव की अनुभूति आज के दिन पर कर सकता है। लोगों में जो हताशा थी, निराशा थी, उसे आशा और उत्साह में भरने का काम 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देखने को मिल रहा है। हर एक क्षेत्र में भारत ने एक नई छलांग लगाई है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल की द्वितीय वाहिनी के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जून माह के बाद बारिश से निर्माण कार्य प्रभावित होता है, इसलिए लक्षित अवधि अक्टूबर 2026 से चार माह पूर्व ही इसे पूरा करने पर जोर दें।

———————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज विकसित उत्तर प्रदेश–2047 के अंतर्गत आयोजित विचार मंथन गोष्ठी में भाग लिया इस अवसर परकृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विज़न को साकार करने की दिशा में प्रदेश के कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने 2047 तक उत्तर प्रदेश के अर्थव्यवस्था को 6 ट्रिलियन यूएस डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। इसमें कृषि का योगदान वन ट्रिलियन यूएस डॉलर का करने के लिए कृषि विभाग काम कर रहा है। बाइट.....

*विकसित उत्तर प्रदेश में विकसित कृषि को कैसे कर सकते हैं और जो उत्तर प्रदेश में 2047 तक 6 ट्रिलियन यूएस डॉलर इकोनॉमी का लक्ष्य आदरणीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने रखा है। उसमें उत्तर प्रदेश का कृषि विभाग कैसे 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर इकोनॉमी तक पहुंच सकता है? उसके संदर्भ में आज हम सभी वरिष्ठ देश के वैज्ञानिकों, किसान भाइयों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के समेकित प्रयास से हम इस लक्ष्य को पूरा कर सकेंगे। उसके लिए क्या कार्य योजना है। उनके ऊपर विचार विमर्श करते हुए हम आगे का अपना विजन उसके लिए तैयार करेंगे।*

———————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज वाराणसी में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित पदयात्रा में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में

भारतीय जनता पार्टी उनक जीवन चरित्र को हर नागरिक तक पहुंचाने का काम कर रही है। बाइट.....

*सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने आजाद भारत के बाद जो वर्तमान स्वरूप भारत माता का है, उसको बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का आधुनिक भारत के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है। भारतीय जनता पार्टी का एक–एक कार्यकर्ता प्रदेश वासी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चरणों में नमन करते हैं और आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट करते हैं। एक ऐसा निर्णय लेकर के सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन चरित्र को एक–एक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए बड़ा निर्णय लिया है।*

————————

सोनभद्र में हुए खनन हादसे में रेस्क्यू के 45 घंटों के बाद अब तक कुल पांच शवों को निकाला जा सका है। रेस्क्यू का कार्य लगातार जारी है। पत्थर खदान की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है। प्रदेश के राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल ने आज सोनभद्र पहुंचकर घटनास्थल का जायज़ा लिया। वहीं सचिव आपदा प्रबंधन, योगेंद्र डिमरी ने बताया कि राहत और बचाव की टीमें बहुत सावधानी पूर्वक और नियंत्रित ढंग से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन अगले 24 से 36 घंटों तक जारी रह सकता है। बाइट.....

*अंदर जो भी काम होगा बहुत ही नियंत्रण से होगा। यहां पर कोई एक्सक्लूसिव नहीं यूज किया जा सकता। यहां पर कोई ड्रिल बिट नहीं यूज की जा सकती जिससे कि जोखिम और बड़े तो इसलिए बहुत ही तसल्ली पूर्ण बहुत ही आराम से सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए पूरा ऑपरेशन जारी*

*है। उम्मीद है कि अगले 24–36 घंटों में जो बचा हुआ मलबा है उसको भी उठा कर चेक कर लिया जाएगा।*

——————————

**बक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**रामपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां और उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम को सात–सात साल की सजा सुनाई है। कोर्ट आज 2019 में आज़म खान औऱ उनके बेटे के खिलाफ दर्ज हुए मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उनपर दो अलग–अलग जन्म प्रमाण पत्रों सेदो पैनकार्ड बनवाने का आरोप लगाया गया था। न्यायालय ने मामले में दोनों को दोषी मानते हुए कारावास के साथ ही 50–50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के बाद दोनों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।**

——————————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 25 नवम्बर को आयोजित होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल अयोध्या पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण भी करेंगे। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम को देखते हुए अयोध्या में मल्टी लेयर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। हजारों पुलिसकर्मी, पोएसी, सीआरपीएफ और खुफिया एजेंसियों की टीमें तैनात रहेंगी। ड्रोन और सीसीटीवी से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। ध्वजारोहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन और बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी के मद्देनज़र स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी सुशील कुमार बानियान ने बताया कि शहर के 15 प्रमुख स्थानों पर अस्थायी उपचार केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं और मेडिकल कॉलेज और श्रीराम अस्पताल में विशेष सेफ हाउस तैयार किए गए हैं। बाइट.....

*तीन हमारे स्थाई चिकित्सालय हमने चिन्हित किए हैं पहले की तरह ही जहां श्रीराम में 20 बेड और मेडिकल कॉलेज में 20 बेड और जिला अस्पताल में 10 बेड हमने आरक्षित किए हैं। यह स्थाई व्यवस्था हमारी इसके अतिरिक्त हमारी 16 जो हैं वह अन्य व्यवस्थाएं हैं जहां अस्थाई चिकित्सालय हमारे बनाए गए हैं जहां यह सभी सुविधाएं सभी श्रद्धालुओं को मिलेगी।यदि कोई भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की भी स्वास्थ्य परेशानी होती है तो उसे किसी*

*भी कीमत पर 200 और मैक्सिमम 250 मीटर की दूरी पर व्यवस्थाएं उन्हें मिलेगी।*

———————————

प्रदेश के सभी वन्य जीव अभ्यारण्यों में अब जंगल सफारी के लिए गाड़ियों की बुकिंग ऑन लाइन हो सकेगी। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि इसके लिए वन निगम द्वारा एक पोर्टल विकसित किया जा रहा है। इस सुविधा के शुरू होने से पर्यटक घर बैठे ही जंगल भ्रमण के लिए अग्रिम बुकिंग करा सकेंगे।

———————————

ग्रेटर नोएडा में चल रहे विश्व मुक्केबाजी फाइनल कप में आज भारत केखिलाड़ी पवन बर्त्वाल ने कजाकिस्तान के अल्टीनबेक नूर सुल्तान के खिलाफ 5–0 से जीत हासिल की है। वहीं एक अन्य मुकाबले में भारतके सुमित ने कोरिया के किम ह्योन्टे के खिलाफ 5–0 से जीत हासिल की है। केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी ने प्रतियोगिता में पहुंचकर भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भारत में विश्व मुक्केबाजी फाइनल कप का आयोजन होने से देश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

(समाप्त)